आयोजन : अपोलो कॉलेज ऑफ फार्मेसी में रिसर्च फ्रॉम होम का ऑनलाइन कॉम्पिटिशन

लॉकडाउन में भी फार्मेसी के छात्रों में दिखा उत्साह

◆ नवभारत रिपोर्टर । दुर्ग.
www.navbharat.org

सृष्टि एजुकेशन एन्ड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित अपोलो कॉलेज ऑफ फार्मेसी अंजोरा जो कि छत्तीसगढ़ के फार्मेसी के क्षेत्र में उत्कृष्ट संस्थानों में से एक है, छात्रों के उज्जवल भविष्य हेतु रिसर्च फ्रॉम होम का ऑनलाइन वीडियो कॉम्पिटिशन का आयोजन किया जा रहा है, इस कॉम्पिटिशन के तहत छात्र- छात्राओं द्वारा घर में ही उपलब्ध सामग्रियों द्वारा विभिन्न हर्बल प्रोडक्ट तैयार किए जा रहे है एवं इसका वीडियो तैयार किया जा रहा है एवं इसका वीडियो युट्यूब में अपलोड किया जायेगा. प्रत्येक छात्र को उनके शिक्षकों द्वारा गाइड भी किया जा रहा है, जब सभी छात्रों द्वारा युट्यूब पर वीडियो अपलोड का कार्य पूर्ण हो जायेगा, तब परिणाम घोषित किए जायेगा. परिणाम घोषित करने हेतु संस्था ने स्वामी रामानंद तीर्थ मराठवाड़ा विश्वविद्यालय नांदेड़ महाराष्ट्र के फार्मेसी विभाग के

प्रोफेसर डॉ. एस. जे. वप्ढेर से संपर्क कर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान सुनिश्चित करने को कहा, प्रोफेसर वप्ढेर ने अपनी सहमति जताते हुऐ हर्ष व्यक्त किया एवं कहा कि यह उत्कर्ष काम रिसर्च फ्रॉम होम फार्मेसी के छात्रों के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा जो कि छात्रों के भविष्य के लिए भी उत्तम दिशा निर्देश है, इससे छात्र आत्मनिर्भरता कि ओर कदम बढ़ाएंगे संस्था के संचालक संजय अग्रवाल, मनीष जैन एवं आशीष अग्रवाल ने छात्रों को शुभकामनाएं दी एवं कहा कि अपने भविष्य में आत्मनिर्भर बनने के लिए यह एक अतिउत्तम सुझाव है जो कि जन साधारण के भी काम आएगा, छात्रों की मेहनत एवं लगन देखकर संचालकों द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को नगद पुरस्कार देने की घोषणा की गयी है. छात्रों की मेहनत एवं लगन को देखते हुऐ प्राचार्य डॉक्टर योगेश पौनिकर एवं एसोसिएट प्रोफेसर नीलेश बनारसे द्वारा अधिक से अधिक छात्रों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया, जिनमे लगभग सभी वर्ष के छात्रों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया एवं विभिन्न प्रकार के हर्बल प्रोडक्ट्स तैयार किये.

इन विद्यार्थियों का प्रोडक्ट चयनित

मुख्य रूप से जिन छात्रों का प्रोडक्ट इस प्रतियोगिता में चयनित किया गया है उनमें बी फार्मेसी से दीसी पाल (सैनिटाइजर), प्रेरणा वैष्णव (मेडिकेटेड अंटीलाइस हेयर ऑइल), चंचल साहू (हर्बल सोप), ऋतू साहू (स्टार्च), पायल जैन (हर्बल फेस पैक), तृतीया वर्ष से सौम्या तिवारी (अनियन हेयर ऑइल), खिलेश्वरी साहू (एलो वेरा जेल), वरुण माहेश्वरी (नीम सोप), राहुल सिंह (आर्गेनिक फर्टिलाइजर), प्रिया श्रीवास्तव (इम्युनिटी बूस्टर पाउडर), अमृतेश सिंह (एलो वेरा आई रिलैक्सेशन मास्क), नीरज राजपूत (इम्युनिटी बूस्टर वाटर), दीपशिखा साहू (रोज वाटर), डी फार्मेसी से नवनीत जैन द्वारा प्रोडक्ट फॉर डाइबिटिक पेशेंट एवं शाक्षी प्रसाद द्वारा स्किन टोनर जेल मुख्य रूप से चयनित किये गए. छात्रों को मार्गदर्शन देने में फैकल्टी मेंबर्स अंकिता दमाहे, सूरज विश्वास, खुशबू वर्मा, चंद्रप्रकाश द्विवेदी, माधवी साहू, प्रियंका पॉल, देवाशीष मोहंती, सिद्धार्थ साहू, भूपेंद्र यादव ने रूचि दिखाई. संस्था के चेयरमैन डॉ. बीएस भाटिया ने हर्ष व्यक्त करते हुए आगे भी इस तरह की प्रतियोगिता करते रहने का आग्रह किया जो कि छात्र हित में हो.